# भोले तेरी लीला

भोले तेरी लीला, कितनी अनोखी,
भोले तेरी लीला, कितनी अनोखी,
किसी की भी समझ में आये ना,
कभी मंथन का विष पी जाये,
मुस्काके शंकर,
निराली है छवि भोले बाबा तेरी,
निराली है छवि भोले बाबा तेरी।।

हे नाथ हे शिव भोले,
कांवर तेरी हम लाये,
तुझको चढ़ाने को हम,
गंगा का जल भर लाये,
तेरे चरण छूके,
तेरी पूजा करके,
थाली में पुष्प सजा,
आरती तेरी करूँ,
बाबा जो वर दे,
मांगू मैं क्या मांगू।।

कोई भी इस दुनियाँ में,
लीला तेरी ना जानें,
कोई देव हो या प्राणी,
महादेव तुमको माने,
तेरी निराली शक्ति,
मैं तो करूँ तेरी भक्ति,
हे भोले नाथ मेरी,
पूजा स्वीकार करो,
बाबाजी मेरे, मोपे कृपा करो,
बाबाजी मेरे, मोपे कृपा करो।

भोले तेरी लीला, कितनी अनोखी,
भोले तेरी लीला, कितनी अनोखी,
किसी की भी समझ में आये ना,
कभी मंथन का विष पी जाये,
मुस्काके शंकर,
निराली है छवि भोले बाबा तेरी,
निराली है छवि भोले बाबा तेरी।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24286/title/bhole-teri-leela

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |